Australian Government

Workforce Australia
स्व-रोज़गार

# एक लघु व्यवसाय की शुरूआत और संचालन में लोगों की सहायता

## स्व-रोज़गार में सहायता

**स्व-रोज़गार में सहायता, एक लघु व्यवसाय को शुरु करने और उसे चलाने में आपकी सहायता कर सकता है।**

स्व-रोज़गार में सहायता, आपकी निम्न में मदद कर सकता है:

- स्व-रोज़गार युक्त (सैल्फ एम्प्लॉयड) बनने पर विचार करने में
- एक व्यापार आइडिया तय करने में और यह पता करने में कि वह आइडिया काम करेगा या नहीं
- व्यवसाय की योजना तैयार करने में
- व्यवसाय को शुरु करने और उसे चलाने में, या
- आपके स्वयँ के व्यवसाय को वहनीय बनाये रखने के लिए उसमें सुधार करने में।



## स्व-रोज़गार में सहायता, में क्या उपलब्ध है

**स्व-रोज़गार में सहायता 6 मुफ्त सेवाओं की पेशकश करती है। आप उन सभी को कर सकते हैं, या केवल उन्ही को चुन सकते हैं जो आप करना चाहते हैं।**

**स्व-रोज़गार की संभावनाओं को तलाशने के बारे में वर्कशॉप्स** आपको स्व-रोज़गार के बारे में जानकारीदी जाती है, और उसके बाद व्यापार के विचार उत्पन्न करने और उनका परीक्षण करने में आपकी सहायता की जाती है।

सामान्यतया ये वर्कशॉप्स एक या दो सप्ताहों में, 5 सत्रों में पूरी होती हैं। इन वर्कशॉप्स से आपको पूर्ण जानकारी के साथ इस बारे में निर्णय लेने में सहायता मिलनी चाहिए कि आप स्व-रोज़गार में जाना चाहते हैं या नहीं।

**लघु व्यवसाय प्रशिक्षण** एक लघु व्यवसाय को शुरु करने और उसे चलाने में आपको जिन कौशलों की ज़रुरत है वे कौशल उपलब्ध करवाएँ जाते हैं। आप मान्य प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं और उद्यमशीलता (आन्ट्रप्रनर्शिप) तथा नवीन व्यवसाय में, कम समय में प्राप्त हो जाने वाले थोड़े से कौशल या लंबी अवधि का सर्टिफिकेट III या IV कर सकते हैं।

**व्यवसाय योजना बनाना** आपके व्यवसाय की सफलता के लिए एक वहनीय व्यापार योजना बनाने में आपको सहायता मिल सकती है। एक चहुँमुखी व्यापार योजना से आपको सफलता के लिए रणनीतियों की पहचान करने और भविष्य में 2 सालों के लिए व्यवसाय में नकद प्रवाह का अनुमान लगाने में सहायता मिलेगी। आपका स्वरोज़गार सहायता प्रदाता आपकी व्यापार योजना का आकलन कर सकता है और आपके व्यवसाय की वहनीयता की संभावना के बारे में निष्पक्ष फीडबैक दे सकता है।

**व्यवसाय परामर्श सत्रों** में व्यवसाय के आपके विचारों या आपके पहले से विद्यमान व्यवसाय से संबंधित लक्षित सलाह प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक सत्र एक घंटे में पूरा होता है, और आप एक वर्ष में अधिकतम 2 सत्रों में जा सकते हैं।

**व्यवसाय स्वास्थ्य जाँचों** से व्यवसाय मालिकों को अपने पहले से चल रहे व्यवसाय की वहनीयता के तरीकों का पता लगाने के लिए इस बात का आकलन करने में सहायता मिल सकती है कि वो व्यवसाय कैसा चल रहा है।

एक व्यवसाय स्वास्थ्य जाँच, एक के साथ एक (वन आन वन) सत्र में पूरी होती है जिसमें 3 घंटे का समय लगता है, और आप हर साल एक व्यवसाय स्वास्थ्य जाँच में जा सकते हैं।

**लघु व्यवसाय कोचिंग** में अधिकतम 12 महीनों तक के लिए बिज़नस सलाह मेन्टोरिंग प्रदान की जाती है। एक साल की अवधि के भीतर, एक व्यवसाय सलाहकार से आपका संपर्क करवाया जाएगा जो आपको दिशा-निर्देश, कोचिंग तथा व्यवसाय से जुड़े अन्य समर्थन देने के लिए आपके संपर्क में रहेगा।

इसके अलावा व्यवसाय की पात्र लागतों (जैसे कि व्यवसाय का बीमा) में आपकी सहायता के लिए आपको $300 की प्रतिपूर्ति भी मिल सकती है। यदि आप पात्र हैं, तो आपको अधिकतम 39 सप्ताह तक स्वरोज़गार भत्ता और 26 सप्ताह तक स्व-रोज़गार किराया सहायता भत्ता मिल सकता है।

i

इन सवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.workforceaustralia.gov.au/individuals/training/activities/self-employment-assistance पर जाएँ।

## स्व-रोज़गार में सहायता का लाभ किसे मिल सकता है

स्व-रोज़गार में सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र होने के लिए यह अनिवार्य है कि:

- आपकी आयु कम से कम 15 वर्ष की हो (ध्यान दें कि लघु व्यवसाय कोचिंग प्राप्त करने के लिए 18 वर्ष की आयु होना अनिवार्य है)
- आप:
  - ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं, या
  - स्थाई वीज़ा धारक हों, या एक नामित वीज़ा धारक हों (न्युज़ीलैंड विशेष श्रेणी वीज़ा, अस्थाई संरक्षण वीज़ा तथा सुरक्षा शरण वीज़ा धारक सहित)
- अनुन्मुक्त (अनडिस्चार्ज) दिवालिया नहीं हों
- उनके द्वारा चुनी गई सेवा(ओं) के लिए पात्रता के किसी अतिरिक्त मानदंड को पूरा करते हों जो उस सेवा के लिए विशिष्ट है, इसमें उस संबंधित सेवा के खंड चैप्टर के लिए कोई मानदंड शामिल है।

यदि आप पहले से स्व-रोज़गारयुक्त (सैल्फ एम्प्लॉयड) हैं या आपके पास कोई व्यवसाय विचार है, तो आपका स्थानीय स्व-रोज़गार सहायता प्रदाता यह आकलन करने में आपकी सहायता करेगा कि क्या आपका व्यवसाय या व्यवसाय विचार पात्र है।

## प्रदाता का पता कैसे लगाया जाता है

आप वर्कफोर्स ऑस्ट्रेलिया की वेबसाइट www.workforceaustralia.gov.au/individuals/coaching/providers पर प्रदाताओं की एक सूची देख सकते हैं।

## अधिक जानकारी के लिए

स्व-रोज़गार सहायता के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.workforceaustralia.gov.au/individuals/coaching/starting-business पर जाएँ।

अन्यथा, आप रोज़गार तथा कार्यस्थल संबंध विभाग की राष्ट्रीय ग्राहक सेवा लाइन को **1800 805 260** पर फोन सकते हैं।

## लघु व्यवसायों की सहायता के लिए अन्य संसाधन

- **सैल्फस्टार्ट** ऑनलाइन केन्द्र व्यवसाय शुरु करने के प्राथमिक चरणों में लोगों का मार्गदर्शन करने के लिए जानकारी प्रदान करता है। सैल्फस्टार्ट के बारे में अधिक जानकारी, वर्कफोर्स ऑस्ट्रेलिया की वेबसाइट www.workforceaustralia.gov.au/individuals/coaching/starting-business/guides पर उपलब्ध है।
- **व्यवसाय शुरु करना दिशा-निर्देशिका**, एक चरण दर चरण है जो नये व्यवसाय मालिकों को व्यवसाय शुरु करते समय यह समझने में मदद करने करती है कि आगे क्या है। आप इसे business.gov.au/Guide/Starting पर देख सकते हैं।

## यदि आपको इस तथ्य-पत्रक के बारे में सहायता की आवश्यकता है

यदि आपको एक दुभाषिये की आवश्यकता है, तो कृपया अनुवाद तथा दुभाषिया सेवा को **131 450** पर फोन करें और **1800 805 260**पर राष्ट्रीय ग्राहक सेवा लाइन के लिए पूछें, या www.tisnational.gov.au पर जाएँ।

यदि आप बधिर हैं, या आपमें सुनने या बोलने से संबंधित कोई अक्षमता है, तो आप राष्ट्रीय रिले सेवा का उपयोग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, www.infrastructure.gov.au/national-relay-service पर जाएँ।

